भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1959
03 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

रक्षा संगठनों में अनुसंधान

1959. श्री तेजस्वी सूर्याः

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) डीआरडीओ, एलआरडीई, एचएएल, एनएएल इत्यादि जैसे रक्षा संगठनों में अनुसंधान विंग के लिए बजट में कितना आबंटन किया गया है;

(ख) वर्ष 2014 से अब तक इन संगठनों द्वारा आरंभ किए गए विभिन्न अनुसंधान कार्यों के लिए कार्य-वार और वर्ष-वार कितनी राशि स्वीकृत की गई है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत के रूप में रक्षा संगठनों में अनुसंधान के लिए कितना आबंटन किया गया है; और

(ग) क्या सरकार का रक्षा अनुसंधान संगठनों के माध्यम से शस्त्र विनिर्माण, रडार संचार आदि में अनुसंधान को बढ़ावा देने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक क्या कार्रवाई गई है ?

उत्तर
रक्षा मंत्री (श्री राजनाथ सिंह)

(क)और (ख) रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग, जिनमें इलेक्ट्रानिक्स एवं रडार विकास स्थापना (एलआरडीई) जैसी प्रयोगशालाएं/स्थापनाएं शामिल हैं, के लिए वर्ष 2014-15 से आबंटन के ब्यौरे परिशिष्ट पर दिए गए है।

हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड(एचएएल) सार्वजनिक क्षेत्र का एक उपक्रम है जिसके लिए सरकार द्वारा अलग से कोई आरएंडडी निधियन नहीं की जाती है।

राष्ट्रीय एयरोस्पेश प्रयोगशाला (एनएएल) रक्षा संगठन नहीं है बल्कि यह वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के नियंत्रणाधीन है।

(ग) और (घ) रक्षां अनुसंधान एवं विकास संगठन, जो रक्षा मंत्रालय का एक आर एंड डी विंग है, प्रारंभिक रूप से सशस्त्र बलों के लिए उनकी विशिष्ट जरूरतों के अनुसार मिसाइलों, मानवरहित हवाई वाहनों, रडारों,इलेक्ट्रानिक युद्ध प्रणाली,सोनार युद्ध वाहनों, युद्धक विमानों, सेंसरों आदि के क्षेत्र में जटिल और सुरक्षा प्रणालियों के अभिकल्पन एवं विकास में लगा है।

डीआरडीओ द्वारा विकसित/उन्नयित उत्पादों/प्रणालियों/प्रोद्योगिकियों, जिन्हे शामिल की गई हैं, का मुल्य 2.73 लाख करोड़ रू. है।

डीआरडीओ प्रोद्योगिकी के सभी डोमेनों में आर एंड डी के जरिए भारतीय सशस्त्र बलों के लिए अत्याधुनिक प्रोद्योगिकीय प्रणालियों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

लोक सभा में दिनांक 03 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न सं 1959 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित परिशिष्ट

वर्ष	संशोधित अनुमान(आरई) अनुमोदित(आबंटन) (करोड़ रू में)	कुल जीडीपी की प्रतिशतता के रूप में डी डी आर एंड डी आबंटन
2014-15	13447.19	0.108
2015-16	12491.21	0.091
2016-17	13454.54	0.082
2017-18	15463.25	0.092
2018-19	17610.38	0.093

*****